पंजाब केसरी 10/10/2025

# रक्तदान जीवनदान है और मानवता की सर्वोच्च सेवा है : डॉ. रोहित दत्त

अम्बाला, 9 अक्तूबर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में वीरवार को यूथ रैडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। स्वर्गीय मैडम अंजली वधावन की पावन स्मृति में यह शिविर रैड रिबन क्लब, स्पोर्ट्स विभाग, एन.सी.सी., एन.एस.एस. तथा लायंस क्लब अम्बाला अस्तित्व के सहयोग से आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर लगभग 80 यूनिट रक्त का संकलन किया गया, जो विद्यार्थियों और स्टाफ की समाजसेवा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा।



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में आयोजित शिविर के दौरान रक्तदानी को प्रोत्साहित करते मुख्य अतिथि। (चंद्रमोहन)

अपने संबोधन में कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक कर्तव्य नहीं, बल्कि जीवनदान है और मानवता की सर्वोच्च सेवा है। एक यूनिट रक्त किसी अनमोल जीवन को बचा सकता है, यह किसी परिवार की खुशी, किसी मां की मुस्कान और किसी नवयुवक के सपनों की उड़ान का कारण बन सकता है। रक्तदान वह कार्य है, जिसमें देने वाला भी जीतता है, क्योंकि वह किसी और को जीवन देकर स्वयं को धन्य बनाता है। हमारे विद्यार्थियों को चाहिए कि वे समाजसेवा की भावना से प्रेरित होकर नियमित रूप से रक्तदान करें। युवा शक्ति ही राष्ट्र की सच्ची धरोहर है और जब यह शक्ति करुणा व सेवा में लगती है, तब समाज में वास्तविक परिवर्तन आता है। गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज सदैव इस दिशा में अग्रणी रहा है, क्योंकि यह कॉलेज केवल शिक्षित नहीं, बल्कि संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक तैयार करने में विश्वास रखते हैं। रक्तदान के माध्यम से हम मानवीय संवेदनाओं का वह धागा मजबूत करते हैं, जो हमें एक-दूसरे से जोड़ता है और समाज को अधिक मानवीय बनाता है।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल अस्पताल से डॉ. जोगिंदर, लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट गवर्नर दिनेश बत्रा, डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सैक्रेटरी आशीष अग्रवाल, जोन चेयरपर्सन संजीव गुप्ता, प्रैसीडैंट अजय गुप्ता, सैक्रेटरी करण पुंज तथा ट्रेजरर विनय गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे।

शिविर का सफल मंच संचालन डॉ. अमित द्वारा किया गया। इस अवसर पर एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चंद्रपाल पूनिया एवं डॉ. पिंकी गुप्ता, वाई.आर.सी. से डॉ. राकेश कुमार, रैड रिबन क्लब से डॉ. मीनू राठी, स्पोर्ट्स विभाग से प्रो. बृजेश, जनसंचार विभाग से प्रो. राजिंदर मीरवाल तथा एन.सी.सी. ऑफिसर डॉ. एस.एस. नैन की उपस्थिति विशेष रही।